पेज 4 आज से चलेगा गैर संचारी रोग...

ताजा खबर
संक्षिप्त

एमएमएस बनाकर करता रहा शोषण 2 साल बाद दुष्कर्म का केस दर्ज

रायपुर। राजधानी में चाकू की नोंक पर महिला से बलात्कार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला के साथ 2 सालों से लगातार रेप हो रहा है। पुलिस में शिकायत की तो वहां भी फरियाद सुनी नहीं गयी, इधर आरोपी बार-बार ये कहता रहा कि उससे शादी करेगा। जिस कंपनी में महिला काम करती है, उसी कंपनी के ड्राइवर ने उसके साथ सालों तक बलात्कार किया। महिला ने आरोप लगाया हैं कि कंपनी में कार्यरत ड्राइवर ने चाकू दिखाकर पहले अश्लील एमएमएस बनाया फिर वायरल करने की धमकी देकर लगातार रेप करता रहा। इस मामले में पहले भी महिला ने थाने में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की गयी, जिसके बाद फिर से आज खमतराई थाने में महिला ने शिकायत की है। शिकायत के बाद आज आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। मामला खमतराई के भनपुरी मेसर्स आनंद कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड का है। पीड़ित महिला विधवा हैं और पति की मौत के बाद नेवरा से भनपुरी काम करने के लिये यहां पर आयी थी। महिला आनंद कंटेनर्स के लेबर क्वार्टर में रहती थी। इसी कंपनी में आरोपी सलीम कुरैशी ट्रक ड्राइवर के पद में काम करता था। आरोपी सलीम महिला का मोबाइल नंबर चौकीदार से लेकर अश्लील बातें करने लगा और महिला पर बुरी नीयत डालने लगा। 10 दिसंबर 2017 को महिला जब क्वार्टर में अकेली सो रही थी उस दौरान रात 2 बजे के आसपास आरोपी सलीम कुरैशी दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा। आरोपी ने महिला को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी साथ ही अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ रेप किया।

पान मसाला की दुकान में चोरी 60 हजार कैश पार

रायपुर। आजाद चौक के एक पान मसाला दुकान में घुसकर चोरों ने पूरा सामान और 60 हजार कैश पार कर दिया। दुकान के सामने लगे कैमरे में चोरों का फुटेज भी मिल गया है। फुटेज में चार लोग दिखाई दे रहे हैं, जिन्होंने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक डंगनिया के मनीष अग्रवाल की आजाद चौक में पान मसाले की दुकान है। जहां वे और उनका भाई बैठते हैं। रोज की तरह सोमवार रात 10:30 बजे वे दुकान बंद कर घर चले गए। मंगलवार सुबह 6 बजे उनके नौकर ने फोन कर सूचना दी कि दुकान का शटर उठा हुआ है। वे हड़बड़ाते हुए दुकान आए। शटर उठा था। भीतर सामान फैला था। गल्ले में रखा पैसा गायब था। पान मसाला का पैकेट भी नहीं था। पुलिस के अनुसार लोहे की राड या जैक से शटर उठाया गया। उसके बाद चोर भीतर गए। दुकान के पास लगे कैमरे में चार लोग दिखाई दे रहे है। इसमें दो दुबले पतले हैं। दो लोग दुकान के भीतर गए और दो बाहर थे।

सूने मकान का टूटा ताला दो लाख के जेवर पार

रायपुर. गोगांव के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर दो लाख के जेवर और 70 हजार कैश चुराकर ले गए। मकान में रहने वाले तीन दिन बाद शादी से लौटे तब चोरी का पता चला। पुलिस के मुताबिक गोगांव में श्रीराम साहू का मकान है। वे एक हार्डवेयर दुकान में मैनेजर हैं। 11 तारीख से मोवा में उनकी भांजी की शादी थी। घर के सभी सदस्य शादी में गए थे। वहां से सोमवार को वापस लौटे। इस दौरान चोर उनके खाली मकान में सेंध लगाकर चले गए। घटना की सूचना मिलने पर गुढियारी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आसपास वालों से पूछताछ की। इलाके में लगे कैमरे की जांच कर रही है। अब तक पुलिस को कोई क्लू नहीं मिला है।

पाठक फीडबैक
अपनी शिकायत, सुझाव व गोपनीय समाचार के लिए संपर्क करें-
9827131777
jantaserishta@gmail.com
व्हाट्सअप - 9425507771

पॉवर ग्रिड से जुड़ेंगे सोलर प्लांट, भूपेश सरकार का बड़ा फैसला

वन थर्ड लागत में उपलब्ध होगी बिजली, नुकसान भी नहीं होगा

रायपुर (जसेरि)। सौर उर्जा के क्षेत्र में भूपेश सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सोलर प्लांट को बिजली ग्रिड से जोड़ने की योजना को हरी झंडी दे दी है। इससे फायदा यह होगा कि एक्सेज बिजली का नुकसान नहीं होगा, वह सीधे ग्रिड में चली जाएगी। क्रेडा ने मोर छत, मोर बिजली योजना के तहत फर्स्ट फेज में 300 सरकारी भवनों का चयन किया है। उन इमारतों पर सोलर सिस्टम लग जाने के बाद संबंधित विभागों को बिजली बिल वन थर्ड हो जाएगा। वहीं, बची बिजली ग्रिड में जाने पर उसका एडजस्ट भी किया जाएगा। इसमें बिजली वितरण कंपनी की भूमिका भी अहम होगी। क्योंकि, ग्रिड में जाने वाली बिजली को जिस पार्टी को बेची जाएगी, उससे पैसा वसूल कर वह वेंडर को देगी। इसमें सबसे खास बात यह है कि इसमें पूरा इंवेस्ट वेंडर करेंगे। सिर्फ उन्हें अपना छत मुहैया कराना होगा।

मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य होगा, जहां यह योजना प्रारंभ की जा रही है। हालांकि, अफसरों



का दावा है कि कुछ मामलों में छत्तीसगढ़ की मोर छत, मोर बिजली मध्यप्रदेश से ज्यादा कारगर साबित होगी। जानकारों का कहना है, छत्तीसगढ़ का कांसेप्ट मध्यप्रदेश से भी बढ़ियां है। वेंडरों की विश्वसनीयता के लिए डिस्कॉम की भी मदद ली जाएगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 50 मेगावॉट के सौर संयंत्र की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। नई सरकार के गठन होते की क्रेडा के प्रस्ताव के अनुसार छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा सोलर रूफटॉप रेग्युलेशन में संशोधन कर नेट मीटरिंग रेग्यूलेशन लागू किया गया है। इससे सोलर बिजली उत्पादन से जुडी इकाईयों एवं उपभेक्ताओं में हर्ष का माहौल है। सभी संबंधित पक्षों द्वारा नई सरकार के इस कदम की सराहना की गई है। नवीन (संशोधित) रेग्यूलेशन अनुसार अब 1 किलोवॉट से 1 मेगावॉट क्षमता तक के ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्र स्थापित कर हितग्राही उत्पादित विद्युत का स्वयं उपभोग कर सकेगा तथा ग्रिड में प्रवाहित विद्युत का नेट मीटरिंग के माध्यम से विद्युत देयक में समायोजित होगा। इस प्रणाली से हितग्राही के विद्युत व्यय में बचत होगी एवं उसे सस्ती दर बिजली उपलब्ध हो सकेगी। पूर्व में ग्रिड कनेक्टेड रेग्युलेशन के तहत् 10 किलोवॉट से अधिक क्षमता के संयंत्र पर ही ऐसे संयोजन हेतु पात्र थे तथा ग्रिड में प्रवाहित विद्युत का समायोजन नियामक आयोग द्वारा निर्धारित लेवलाईज्ड टैरिफ का 50 प्रतिशत की दर से किया जाता था, जिससे हितग्राही को समुचित लाभ प्राप्त नहीं होता था। इसके कारण सोलर के क्षेत्र में आम उपभोक्ता रूचि नहीं दिखाते थे। इसे ध्यान में रखते हुए क्रेडा के द्वारा विस्तृत कार्ययोजना बनाकर तथा आवश्यक संशोधन सुझाते हुए राज्य शासन के समक्ष रखा गया। मुख्यमंत्री भूपेश की सरकार ने इस दिशा में तेजी से कार्य किया गया । मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री भूपेश बघेल द्वारा शीघ्र ही सस्ती दरों पर एवं असानी से सोलर बिजली प्रदान करने के निर्देश दिये गए। अब सभी वर्ग के हितग्राही सौर संयंत्र की स्थापना कर अधिक से अधिक विद्युत व्यय में बचत कर सकेंगें। नवीन नेट मीटरिंग रेग्यूलेशन के अनुसार सभी वर्ग के विद्युत उपभोक्ता अपनी विद्युत भार क्षमता के बराबर संयंत्र की स्थापना कर सकेंगे। इच्छुक हितग्राही को सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना की अनुमति एवं ग्रिड संयोजन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित की वेबसाईट/वेब पोर्टल में आवेदन करना होगा। विद्युत मंडल द्वारा 7 दिवस के भीतर तकनीकी मंजूरी प्रदान की जावेगी तथा संयंत्र स्थापना उपरांत सूचना प्राप्त होने पर अधिकतम 15 दिवस के भीतर विद्युत मंडल द्वारा सौर संयंत्र का निरीक्षण कर ग्रिड संयोजन किया जाएगा। नवीन रेग्यूलेशन के अनुसार ग्रिड संयोजन हेतु हितग्राही को अब किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। इस प्रक्रिया के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित द्वारा डिस्ट्रीब्यूटेड सोलर एनर्जी सेल का गठन किया जाएगा, जो कि सभी संबंधितों से आवश्यक समन्वय करेगा। क्रेडा द्वारा प्रदेश के शासकीय भवनों में इस योजना का लाभ प्रदान किये जाने की दृष्टि से प्रथम चरण में लगभग 300 शासकीय भवनों का चयन किया गया है जिसमें कुल 15 मेगावॉट क्षमता के ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्र की स्थापना रेस्को प्रणाली के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। रेस्को प्रणाली के तहत् हितग्राही संस्था/विभाग को प्रारंभिक व्यय नहीं करना होगा।

लोकसभा चुनाव 2019 : नतीजों को लेकर तैयारी शुरू

बीजेपी-कांग्रेस काउंटिंग एजेंटों को दे रही स्पेशल ट्रेनिंग

जसेरि रिपोर्टर

रायपुर। लोकसभा चुनाव अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। 19 मई को होने वाले सातवें चरण के मतदान के बाद इंतजार अब 23 मई मतगणना का रहेगा। बात अगर तैयारियों की करें तो छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीटों के लिए सूबे के सभी 27 जिला मुख्यालयों में मतगणना कार्य होना है. एक-एक लोकसभा सीटों के लिए 6 जिलों में मतगणना कार्य होने से प्रत्याशी से लेकर राजनीति दल तक इसे जटिल कार्य मानते हुए अपने-अपने काउंटिंग एजेंटों से लेकर एआरओ को स्पेशल ट्रेनिंग देने कार्य कर रहे है। बात अगर कांग्रेस की करें तो कांग्रेस के द्वारा लोकसभा स्तर पर ट्रेनिंग के बाद प्रदेशस्तर पर ट्रेनिंग देने की तैयारी कर रही है। तो वहीं बीजेपी में प्रदेश स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक 16 मई से स्पेशल ट्रेनिंग प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी का कहना है कि एक लोकसभा का मतगणना अलग-अलग क्षेत्रों में होगा। फिर एआरओ उनको सर्टिफिकेट देंगे। फिर उसे मुख्यालय में उसे सत्यापित करना होगा। इन तमाम बातों को गंभीर से देखते हुए सही तरीके से ट्रेनिंग के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीजेपी का कहना है कि विधानसभा वार मतगणना होगी। इस वजह से ये पूरी प्रकिया जटिल है। छत्तीसगढ़ में मतगणना को लेकर विशेष तैयारी कोई नई बात नहीं है। जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने हालही में संपन्न विधानसभा चुनाव में ईवीएम की निगरानी की थी वह भी देशभर में चर्चाओं का विषय बना

था. अब लोकसभा में मतगणना से पहले काउंटिंग एजेटों को दोनों ही प्रुमख दल कांग्रेस और बीजेपी द्वारा स्पेशल ट्रेनिंग देना सच में आयोग के व्यवस्थाओं पर सवाल उठाने के लिए काफी है. बहरहाल देखना होगा कि इस तरह से स्पेशल ट्रेनिंग से राजनीतिक दलों को कितना लाभ मिलता है और इस तरह से चुनाव व्यवस्थाओं पर बार-बार सवाल उठाना कब बंद होता है.

21 को बीजेपी एजेंटो की ट्रेनिंग

भाजपा ने लोकसभा स्तर पर एजेंटों को प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। लोकसभा चुनाव रायपुर प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल ने मतगणना की तैयारी को लेकर 21 मई को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी पदाधिकारियों के साथ ही मतगणना एजेंटों को आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि रायपुर लोकसभा की दो जिलों रायपुर और बलौदाबाजार में मतगणना होगी। ऐसे में दोनों जिलों में समन्वय बनाने के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। भाजपा के आला नेताओं ने बताया कि सभी 11 लोकसभा में मतगणना एजेंटों को गणना के बारे में जानकारी दी जाएगी। मतगणना के बाद रिपोर्ट कैसे लेना है, गड़बड़ी की आशंका में कैसे सूचना देने है, के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। 23 मई को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, ई-ब्लॉक सेजबहार में रायपुर लोकसभा की धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर पश्चिम, रायपुर दक्षिण, रायपुर उत्तर, आरंग और अभनपुर की गणना होगी। भाजपा हर विधानसभा के लिए एजेंट की नियुक्ति टेबल के अनुसार करेगी। इसको देखते हुए एजेंट को टेबल व्यवस्था की भी जानकारी दी जाएगी।

एकात्म परिसर में बनेगा कंट्रोल रूम

प्रदेश की सभी 11 लोकसभा की मतगणना पर नजर रखने के लिए एकात्म परिसर में कंट्रोल रूम बनेगा। यहां पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ लीगल सेल के पदाधिकारी की टीम मौजूद रहेगी। रायपुर लोकसभा की मतगणना व्यवस्था के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. 16 मई को शाम पांच बजे सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों की कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में बैठक लेंगे। इसमें मतगणना के नियम-कायदे की जानकारी दी जाएगी।

मतगणना के संबंध में राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों की बैठक 16 मई को

रायपुर। लोकसभा निर्वाचन-2019 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्र. 08 रायपुर के विधानसभा क्षेत्र 47-धरसींवा, 48-रायपुर ग्रामीण, 49-रायपुर नगर पश्चिम, 50-रायपुर नगर उत्तर, 51-रायपुर नगर दक्षिण, 52-आरंग और 53-अभनपुर की मतगणना 23 मई को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, ई-ब्लॉक सेजबहार रायपुर में की जाएगी। मतगणना व्यवस्था के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. द्वारा 16 मई को सायं 5 बजे सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों हेतु कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। रायपुर लोकसभा निर्वाचन-2019 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्र. 08 रायपुर के विधानसभा क्षेत्र 47-धरसींवा, 48-रायपुर ग्रामीण, 49-रायपुर नगर पश्चिम, 50-रायपुर नगर उत्तर, 51-रायपुर नगर दक्षिण, 52-आरंग और 53-अभनपुर की मतगणना 23 मई को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, ई-ब्लॉक सेजबहार, रायपुर में संपन्न होगी। इस परिसर में स्थित विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम को मतगणना प्रयोजन हेतु 23 मई को प्रातः 7 बजे खोला जाएगा। स्ट्रांग रूम खोले जाने की कार्यवाही के दौरान अभ्यर्थी स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित हो सकते है।

मंदिर हसौद थाना पुलिस ने पकड़ा

खनिज अधिकारी बनकर ट्रकों से वसूली करते चार गिरफ्तार

रायपुर (जसेरि)। मंदिर हसौद थाना पुलिस ने सोमवार देर रात ट्रकों से वसूली करते चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी खनिज अधिकारी बनकर गिट्टी लेकर कांकेर जा रहे हाईवा से वसूली कर रहे थे। इस पर चालक हाईवा भगाते हुए थाने पहुंच गया और शिकायत की। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि एक मौके से भाग निकला। जानकारी के मुताबिक, रिंग रोड नंबर 3 के पास सोमवार देर रात करीब 12.30 बजे बहनाकाडी क्रेशर से हाइवा में गिट्टी लेकर कांकेर जा रहा था। इसी दौरान मंदिर हसौद क्षेत्र में कुछ लोगों ने हाईवा रुकवा ली और खुद को खनिज विभाग का अधिकारी बताया। इस पर डर कर हाईवा चालक ने उन्हें 500 रुपए दे दिए और आगे बढ़ गया। इसके बाद आरोपियों ने फिर आगे जाकर हाईवा रुकवा ली और गिट्टी उनके कहे स्थान पर खाली करने को बोला। इस पर चालक मौका पाकर वहां से भाग निकला और थाना

पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल ड्राइवर के साथ मौके पर पहुंचकर 4 आरोपी प्लावन मजूमदार, जितेंद्र कुमार पाल, रजत साहू और बलराम उर्फ बल्लू सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में शामिल एक वाहन भी बरामद किया है। हालांकि एक बदमाश मौका पाकर वहां से भाग निकला।

ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट से हड़कंप शंकरनगर में मची अफरातफरी

रायपुर. शंकरनगर मेनरोड के ट्रांसफार्मर में मंगलवार की रात विस्फोट के साथ आग लग गई। आगजनी के दौरान ही ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई होने वाले इलाके में अंधेरा छा गया। विस्फोट की आवाज भी इतनी तेज थी कि आस-पास रहने वाले हड़बड़ा गए। आग की लपटें ज्यादा देखकर लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। उसके बाद अमला पहुंचा और ट्रांसफार्मर की आग बुझाकर नए सिरे से वायरिंग की गई। इसके बाद लोगों के घरों में बिजली आई। बिजली गुल होने के दौरान करीब दो घंटे लोग गर्मी से बेहाल रहे। ट्रांसफार्मर के

पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। गर्मी से परेशान लोग वहीं जमा होते रहे। बिजली आने के बाद ही लोग वहां लौटे। बिजली विभाग के अफसरों के अनुसार ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ जाने के कारण विस्फोट के साथ आग लग गई थी। बिजली कंपनी के ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटना किसी भी मौसम में होती है, लेकिन गर्मी में ये बढ़ जाती है। गर्मी से राहत पाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग एसी, कूलर तथा अन्य उपकरणों का उपयोग करते हैं। इससे बिजली के ट्रांसफार्मरों में लोड बढ़ जाता है। इस दौरान बिजली की खपत लगभग दोगुना होने से ट्रांसफार्मर के बुश में स्पार्किंग से आग लगती है।

विभिन्न पदों के लिए 34 आजमा रहे किस्मत

अधिवक्ता संघ चुनाव : अध्यक्ष के लिए चार उम्मीदवारों में भिड़त

रायपुर (जसेरि)। जिला अधिवक्ता संघ के नामांकन के बाद अध्यक्ष और सचिव पद से एक-एक प्रत्याशी ने सोमवार को नाम वापस ले लिए। वैसे अब विभिन्न पदों पर 34 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 17 मई को लगभग तीन हजार 52 वकील करेंगे। मतदान 11 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इसके अगले दिन 18 मई को मतगणना सुबह नौ बजे से होगी। नाम वापसी में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सत्येंद्र सिंह रहे। वैसे अध्यक्ष पद के लिए भिड़े उम्मीदवारों ने अपने-अपने स्मीकरण को बनाने में जुट गए हैं। इसी में से एक कड़ी अध्यक्ष पद से नाम वापसी का नाम रहा। इसके अलावा एक उम्मीदवार ने सचिव पद से अपना नाम वापस ले लिए हैं।

जिला अधिवक्ता चुनाव में बिछी शतरंज की बिसात में अध्यक्ष पद के लिए हितेन्द्र तिवारी, लोकेश

फाईल फोटो

गर्ग, प्रदीप कुमार गिरी व आशीष कुमार सोनी (भांचा) अपने-अपने मोहरों के भरोसे दांव चलेंगे। नाम वापसी के बाद अधिवक्ता संघ के चुनाव की सरगर्मी सिर चढ़कर बोलने लगी। उम्मीदवार कचहरी के साथ वोटरों के घरों तक दस्तक देने में लगे हैं। अब देखना है कि अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कौन काबिज होगा, ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। वैसे सबके अपने-अपने दावे और संघ के लिए कुछ कर गुजरने के इरादे हैं। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए पांच उम्मीदवार लड़ेंगी। इसमें रीति सोनपिपरे, रीतू बुंदले, रूपाली वर्मा, शशि शर्मा और सुचित्रा वर्धन शामिल हैं। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर सीधी लड़ाई होगी, क्योंकि इसके लिए सिर्फ ही उम्मीदवार हैं, दिनेश देवांगन और दिनेश कुमार तिवारी दीनू इनके नाम भी एक-दूसरे से मेल तो खाते हैं, पर जीत किसके खाते में जाएगी। यह कहना मुश्किल है। कायस है कि इनके बीच कांटे का मुकाबला होना लगभग तय है। हार-जीत का अंतर तो मतगणना के दिन ही पता चलेगा। सचिव पद के लिए छह लोगों के बीच आगे निकलने की होड़ मची है। इसमें भुवनलाल साहू, जय शिवदर्शन गिरी, कमलेश पांडेय, नारायण महोबिया, शरद प्रकाश यादव और श्रीकांत मिश्रा हैं। इसके अलावा सह सचिव के लिए भी तीन उम्मीदवारों के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई है। वैसे इस पद के लिए गीता चौहान पटेल, पूजा मोहिते व सरिता सिंह हैं।संघ के कोषाध्यक्ष पद के लिए भी होड़ मची है। ये पद देखा जाए तो किसी भी संघ के लिए चलाने के लिए एक महत्वपूर्ण विंग की भूमिका अदा करता है। इसके लिए भुवनेश्वर कुमार सिन्हा (बीके सिन्हा), राजकुमार कड़ोले व राकेश पुरी के बीच भिड़ंत है। सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के लिए पांच उम्मीदवार हैं। इसमें आनंद कुमार नेताम (ठाकुर), आशीष कुमार सोनवानी, नरेंद्र सिंह चंद्राकर, नीरज कुमार गुप्ता और ताप सिंह घोघ शामिल हैं। ग्रंथालय सचिव के लिए दो प्रत्याशी हैं। इसमें भंजन कुमार जांगड़े और सूर्यकांत कश्यप हैं।

शिक्षक भर्ती के खिलाफ हाईकोर्ट में एक और याचिका दायर

शिक्षकों की नयी भर्ती के खिलाफएक और याचिका हाईकोर्ट में दायर की गयी है। नयी भर्ती के विज्ञापन को चैलेंज करते हुए ये याचिका दायर की गयी है। याचिका के आधार पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल मुकेश कुमार कोर्राम ने 30 अप्रैल को भर्ती पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की थी, इस मामले को लेकर आज को कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसके बाद राज्य सरकार से इस मामले में हाईकोर्ट ने पक्ष मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 जून को होगी। इसी दिन पूर्व से दायर व्याख्याता शिक्षक विवेक दुबे की याचिका पर भी सुनवाई होनी है। मुकेश कुमार कोर्राम के साथ 11 अन्य शिक्षकों ने भी इस मामले में याचिका दायर की है।

मंत्री रविंद्र चौबे के सेहत में तेजी से सुधार

रायपुर (जसेरि)। कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे का स्वास्थ्य लगातार बेहतर होता जा रहा है। अब वो बहुत आराम से चल फिर भी रहे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही वो अब रायपुर लौट भी आयेंगे। अस्पताल में उनके वाक करते वक्त का वीडियो सामने आया है, जिसमें वो बेहतर दिख रहे हैं और बिना किसी सपोर्ट से आराम से टहलते हुए अस्पताल के लॉन में नजर आ रहे हैं, इस दौरान वो लोगों के अभिवादन को भी स्वीकार कर रहे हैं। 3 मई से ही डाक्टरों ने उन्हें वाक करने की सलाह दे दी थी। सारे चौबे का बॉडी फंक्शन नार्मल है और वो समान्य स्थिति की तरफ लगातार बढ़ रहे हैं। डाक्टरों के मुताबिक रविंद्र चौबे पूरी तरह से सामान्य हैं और भोजन ले रहे हैं और आने-जाने वालों से बातचीत भी कर रहे हैं। इससे पहले यूपी में चुनाव प्रचार के लिए कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे को हार्ट अटैक के बाद पहले सहारा और फिर बाद में पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 27 अप्रैल की सुबह आये हार्ट अटैक के बाद से ही वो पीजीआई अस्पताल में ही भर्ती है, जहां वो स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।